प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य कैबिनेट की बैठक आज शाम चार बजे रांची के प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। राज्य सरकार इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 1 अगस्त से 7 अगस्त तक प्रस्तावित है। कैबिनेट बैठक में राज्य की विकास योजनाओं से जुड़े प्रस्तावों पर फैसले लिए जाने की संभावना है।

**********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील करते हुए कहा कि राजनीतिक लड़ाई सीधे होनी चाहिए, परिवार या समर्थकों को निशाना बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी पर 47वां मुकदमा दर्ज होना और समर्थक देवता पांडेय की गिरफ्तारी सत्ता के दुरुपयोग का संकेत है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह संभव है कि यह सब मुख्यमंत्री की जानकारी के बिना अधिकारियों द्वारा किया गया हो।

**********************

सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगातार गेट जाम और प्रदर्शन से परेशान होकर आदित्यपुर स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त और एसपी से शिकायत की। उन्होंने नवगठित राजनीतिक दल झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) पर औद्योगिक शांति भंग करने और भय का माहौल बनाने का आरोप लगाया। शिकायत में कहा गया कि यदि हालात नहीं सुधरे तो उद्योगों को राज्य से बाहर जाना पड़ेगा, जिससे करीब चार लाख मजदूरों की आजीविका पर खतरा मंडरा सकता है।

**********************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि भारत में एक लाख 55 हजार से अधिक प्रकाशन और 908 प्राइवेट टीवी चैनलों के साथ सक्रिय प्रेस और मीडिया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने लोकसभा में एक जवाब में बताया कि भारत के प्रेस महापंजीयक में पंजीकृत प्रकाशनों की संख्या 2014–15 के एक लाख 5 हजार से बढ़कर 2024–25 में एक लाख 55 हजार हो गई है।

**********************

देश भर में आज आयकर दिवस मनाया जा रहा है। यह भारत के वित्तीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिवस देश के कर प्रशासन में विकास और एक सुव्यवस्थित तथा नागरिक–केंद्रित प्रणाली के निर्माण के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। पिछले वित्तीय वर्ष में नौ करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। देश में आयकर की शुरुआत 1860 में सर जेम्स विल्सन ने की थी।

**********************

गिरिडीह उपायुक्त ने किसानों से प्रधानमंत्री किसान फसल योजना का लाभ उठाने की अपील की है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

राज्य में आज कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक 116 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश गढ़वा के सगमा में दर्ज की गई, जबकि सबसे अधिक तापमान 36 दशमलव 4 डिग्री चाईबासा में रहा। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों तक कहीं–कहीं भारी वर्षा की संभावना जताई है। साथ ही 28 जुलाई तक कई जिलों में तेज हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है।

**********************

जमशेदपुर में आज से 134वां डुरंड कप शुरु हो रहा है। पहला मुकाबला जमशेदपुर एफसी और नेपाल के त्रिभुवन आर्मी एफटी के बीच होगा। यह मैच जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शाम साढ़े पांच बजे से शुरु होगा। उदघाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी के भी समारोह में शामिल होने की संभावना है।

*********समाप्त**********